BRITISH COLUMBIA

# न्यूज़ रिलीज़

तुरंत जारी करने हेतु | वित्त मंत्रालय

2021FIN0023-000744

20 अप्रैल, 2021

**बजट 2021 द्वारा मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति की नींव के निर्माण से अब लोगों को मदद मिलेगी**

विक्टोरिया- बजट 2021, सेवाओं, बुनियादी ढांचे और एक मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति और हर एक के लिए एक उजले भविष्य के अवसरों को सहारा देने के लिए निवेश करते हुए, इस महामारी के दौरान लोगों की सेहत और आजीविका को सुरक्षित करने पर केंद्रित है।

बजट 2021 तत्काल चुनौतियों का समाधान करता है और सेहत और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, व्यवसायों के लिए मदद, वहन करने योग्य रिहायश और बाल-संभाल, परिवारों के लिए जीवन को वहन करने योग्य बनाए रखने, और रिकार्ड स्तर पर रोज़गार पैदा करने वाले भाईचारक ढांचे में नए निवेश कर के एक मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति की बुनियाद का निर्माण करता है।

"पिछले वर्ष में जिस कठिनाई का हम ने सामना किया है, उस दौरान हम ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों का बार बार स्थिति के अनुरूप ढलने का सामर्थ्य देखा है, जब भाईचारे कोविड-19 की चुनौतियों का सामना करने के लिए खड़े हो गए। अब जब कि हम अपने प्रांत के इतिहास में टीकाकरण के सब से बड़े प्रयत्न को अंजाम देते आ रहे हैं, तो हमें सुरंग के दूसरे छोर पर रौशनी दिखाई दे रही है," सेलिना रॉबिनसन, वित्त मंत्री ने कहा, "हम जानते हैं कि आर्थिक पुन:प्राप्ति एक रात में नहीं हो सकती, परन्तु उन चीज़ों पर ध्यान केंद्रित करने से, जिन का लोगों के लिए सब से अधिक महत्व है, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आने वाले दिन हर एक के लिए बेहतर हों।"

**बेहतर स्वास्थ्य-संभाल**

- टेस्ट करने, संपर्क-खोज, निजी सुरक्षा उपकरण और बी सी के इतिहास में सब से बड़े वैक्सीन वितरण में $900 मिलियन की नई माली मदद से इस महामारी के दौरान लोगों को सुरक्षित रखना।
- ऑपरेशनों के लिए तेज़ी से पहुँच कर सकने में मरीज़ों की मदद करना और डायगनॉस्टिक इमेजिंग के लिए प्रतीक्षा का समय पहले की अपेक्षा कम करना।
- बुज़ुर्गों के लिए बेहतर देखभाल, जिस में लॉन्ग-टर्म केयर में हज़ारों की संख्या में नए कर्मचारी और घरों में बेहतर देखभाल शामिल है।

- स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य के लिए और अधिक सहायता, और अधिक फ़ाउंड्री सेंटर, बच्चों और युवाओं के लिए संयुक्त सहायता टीमों की संख्या चौगुनी करना, और ओवरडोज़ संकट के प्रति कार्यवाही का दायरा बढ़ाना- जो बी सी के इतिहास में मानसिक स्वास्थ्य और व्यसनलिप्तता के लिए सेवाओं में सब से बड़ा निवेश है।
- अस्पतालों का निर्माण कर के घरों के समीप बेहतर देखभाल प्रदान करना, जिस में नया सरी अस्पताल और कैंसर सेंटर, और पूरे के बी सी के भाईचारों में नए तत्काल और प्राथमिक देखभाल केंद्र शामिल हैं।
- स्वास्थ्य-संभाल के क्षेत्र में व्यवस्थागत नस्लवाद का समाधान करना और यह सुनिश्चित करना कि मूलवासी लोगों की सांस्कृतिक लिहाज़ से उचित देखभाल तक पहुँच हो सके।

**लोगों और व्यवसायों को सहारा**

- 12 साल और उस से कम आयु के बच्चों के लिए सार्वजनिक यातायात नि:शुल्क करने से परिवारों को प्रति बच्चा एक साल में $672 तक की बचत।
- $10 प्रति दिन वाले बाल-संभाल स्थानों की संख्या दोगुनी कर के, अर्ली चाइल्डहुड एजुकेटरों के लिए वेतन में विस्तार दोगुना कर के, और इन स्थानों का निर्माण करना और दायरा बढ़ाना जारी रख कर, वहन करने योग्य, गुणवत्तापूर्ण बाल-संभाल की उपलब्धता को सुगम बनाना।
- एबोरिजिनल हेड स्टार्ट प्रोग्राम, जो मूलवासी परिवारों को सांस्कृतिक लिहाज़ से उचित बाल-संभाल प्रदान करता है, के द्वारा 400 अतिरिक्त स्थान उत्पन्न करना।
- बी सी रिकवरी निधि की माली मदद जारी रखना, जिस से आज की तारीख़ तक 2.5 मिलियन ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को मदद मिली है और परिवारों और अकेले माँ-बाप को $1,000 तक, और अकेले व्यक्तियों को $500 तक प्राप्त होते हैं।
- आज तक पहली बार किए जाने वाले सीनियर सप्लीमेंट में वृद्धि के द्वारा कम आय वाले 80,000 बुज़ुर्गों की सहायता करना।
- आय सहायता और डिसेबिलिटी सहायता की दरों में आज तक का सब से बड़ा स्थायी विस्तार प्रदान कर के, जो 2017 के बाद आय सहायता में 53% का विस्तार है, उन लोगों की सहायता करना जो सब से अधिक संघर्ष कर रहे हैं।
- कई प्रकार की ग्रांटों और माली मदद से बी सी के व्यवसायों को स्थिति अनुरूप ढलने के लिए सहारा देना, जिन में से कुछ को तत्काल ज़रूरतों को ध्यान में रखते पहले ही शुरू किया जा चुका है, ताकि व्यवसायों को हालात के साथ तालमेल बिठाने और आगे बढ़ने में मदद मिल सके।

- यह सुनिश्चित करने के लिए मदद करना कि पर्यटन व्यवसाय और भाईचारे इस महामारी की स्थिति में से गुज़र सकें और जब पर्यटक सुरक्षित ढंग से वापस आ सकें, तो प्रफुल्लित होने के लिए तैयार रहें।
- कैम्पग्रॉउंडों और ट्रेलों की हालत में सुधार करने के साथ साथ 2022 से आरंभ कर के, पूरे प्रांत में प्रत्येक वर्ष 100 तक नई कैम्पसाइटों का और विस्तार करना।

**एक मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए बुनियाद का निर्माण**

- बुनियादी ढांचों में रिकार्ड-स्तरीय निवेश के साथ 85,000 से अधिक नौकरियाँ पैदा करना और पूरे बी सी में भाईचारों को मज़बूत बनाना- जिस के लिए इस बजट में $3.5 बिलियन की बढ़ोतरी की गई है।
- पोस्ट-सेकंडरी शिक्षा और हुनर प्रशिक्षण प्रोग्रामों में निवेश के द्वारा हज़ारों ही लोगों की स्वास्थ्य-संभाल जैसे क्षेत्रों में नई नौकरियाँ हासिल करने में मदद करना।
- यह सुनिश्चित करना कि स्ट्रांगर बी सी फ्यूचर लीडरज़ प्रोग्राम के द्वारा 5,000 से अधिक युवा लोगों को नौकरियाँ, इंटर्नशिप और को-ऑप मिल सकें, और 3,000 छात्रों को कार्य संयुक्त प्रशिक्षण हासिल करने के लिए काम पर लगने के नए अवसरों का लाभ मिल सके।
- विकास वित्त-पोषण में $2 बिलियन के साथ मध्य आय वाले परिवारों के लिए 9,000 नए घरों का निर्माण करना।
- पर्यटन व्यवसायों और भाईचारों को $120 मिलियन के साथ सहारा देना, जिस में ट्रेलों जैसे नए पर्यटन बुनियादी ढांचे के द्वारा और हवाई अड्डों की स्थिति में सुधार कर के भविष्य के पर्यटकों के लिए तैयारी करने में सहायता करने के लिए ग्रांटें शामिल हैं।
- उत्सर्जन घटाना, भाईचारों को सुरक्षित रखना, आर्थिकता का विस्तार करना और क्लीन बी सी में $506 मिलियन के और अधिक निवेश द्वारा रोज़गार के अवसर उत्पन्न करना।
- पूरे बी सी में संयोजकता में सुधार करने के लिए वार्षिक माली मदद को स्थायी बनाना।
- उच्च-संभावना वाले व्यवसायों को इन बीसी द्वारा माली सहायता प्रदान कर के बी सी में फलने फूलने में मदद करना, जो $500-मिलियन की एक नई रणनीतिक निवेश निधि है जिस से आर्थिक, पर्यावरण संबंधी और सामाजिक लाभ प्राप्त होंगे।

"जिस समय से इस महामारी ने आक्रमण किया है, हम ने ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को भिन्न-भिन्न प्रकार की सहायता दी है, जो इस बात से चकराए हुए थे कि कितनी तेज़ी से हम सब के जीवन उथल पुथल हो गए थे," रॉबिनसन ने कहा, "बजट 2021 का निर्माण उस आधार पर किया गया है जो हम ने गत वर्ष में सीखा है कि अब लोगों की सहायता करना जारी रखने के साथ साथ हमारे प्रांत में लोगों और व्यवसायों के लिए ऐसी नींव रखी जाए जिस से वह आर्थिक पुन:प्राप्ति द्वारा पेश किए जाने वाले अवसरों का लाभ उठा सकें।"

प्रांतीय सरकार की ओर से पेश किए गए पिछले बजट के बाद दुनिया नाटकीय ढंग से बदल गई है। बी सी के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जी डी पी) के बारे में अनुमान है कि यह 2020 में 5.3% तक घट गया था। आर्थिक पुन:प्राप्ति के जारी रहने से, बी सी के वास्तविक जी डी पी में 2021 में 4.4% तक और 2022 में 3.8% तक बढ़ोतरी होने की भविष्यवाणी की गई है, जो अगले साल तक महामारी से पहले के स्तर तक पहुँच जाएगी। 2021-22 से आरंभ हो कर, अगले तीन वर्षों में, घाटे में निरंतर कमी होते रहना प्रस्तावित है।

नौ पृष्ठभूमियां आगे दी गईं हैं।

**संपर्क:**
वित्त मंत्रालय
मीडिया संपर्क
250 387- 5710

---